**समाचार**

नगर निगम कोरबा के स्वच्छता संसाधनों में 64 ई–रिक्शा शामिल

# स्वच्छता के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को अग्रणी राज्य बनाने लगातार कार्य कर रही राज्य सरकार–राजस्व मंत्री

## (राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने नगर पालिक निगम कोरबा के 64 ई–रिक्शों का किया लोकार्पण)

## (ई–रिक्शों के उपयोग से डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्य को मिलेगा नया आयाम, सफाई व्यवस्था होगी बेहतर)





कोरबा 26 मार्च 2022 –प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है तथा इस दिशा में अनेकों उपलब्धियॉ छत्तीसगढ़ को प्राप्त हुई हैं। उन्होने कहा कि जहॉ तक कोरबा का प्रश्न है तो यहॉ की सफाई व्यवस्था में काफी अच्छा बदलाव आया है तथा सफाई व्यवस्था बेहतर हुई है। सफाई कार्यो में ई–रिक्शों के उपयोग से कार्यो में और अधिक बेहतरी आएगी तथा कम समय में ज्यादा अच्छा कार्य हो सकेगा।

उक्त बातें राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के केन्द्रीय भण्डारगृह में 64 ई–रिक्शों के लोकार्पण अवसर पर कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्य हेतु 64 ई–रिक्शों को स्वच्छता संसाधनों में शामिल किया गया है, आज निगम के केन्द्रीय भण्डारगृह में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए इन सभी 64 रिक्शों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के द्वारा की गई, वहीं सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, निगम आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय, मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षदगण व एल्डरमेनगण विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने हरी झण्डी दिखाई तथा 64 ई–रिक्शों को जनसेवा हेतु समर्पित करते हुए ई–रिक्शों को कार्य हेतु रवाना किया, इसके साथ ही उन्होने ई–रिक्शा संचालित करने वाली स्वच्छता दीदियों व स्वच्छतामित्रों को ई–रिक्शा चलाने का लायसेंस पत्र भी प्रदान किए। लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि कोरबा एक औद्योगिक शहर है, भारत में सबसे ज्यादा बिजली कोरबा में तथा एशिया में सबसे ज्यादा कोयला कोरबा में पैदा होता है, सम्पूर्ण भारत में यहॉ से कोयले की आपूर्ति की जाती है, चूॅकि औद्योगिक क्षेत्र है, अतः यहॉ की सफाई की समस्या होना भी स्वाभाविक है, किन्तु मुझे प्रसन्नता है कि महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय तथा निगम के एम.आई.सी.सदस्य, पार्षद, एल्डरमेनगण व सभी अधिकारी कर्मचारी स्वच्छता व विकास के अन्य सभी क्षेत्र में एक टीम भावना के साथ कार्य कर रहे हैं, जिसके सार्थक परिणाम भी दिखाई दे रहे हैं। उन्होने कहा कि आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय लगातार व्यवस्थाओं को बनाने में लगे हुए हैं तथा व्यवस्थाएं विशेषकर साफ संबंधी व्यवस्था तेजी के साथ सुधर रही है। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि पूर्व महापौर श्री रेणु अग्रवाल के पांच वर्ष के कार्यकाल एवं वर्तमान महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के दो वर्ष के कार्यकाल के दौरान कोरबा का तेजी से विकास हुआ, पेयजल, बिजली, स्ट्रीट लाईट संबंधित बरसों पुरानी समस्याएं समाप्त की गई, लोगों को व्यापक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। उन्होने कहा कि मेरा निरंतर प्रयास है कि कोरबा के विकास के लिए ज्यादा से ज्यादा राशि उपलब्ध कराई जाए, इसी कड़ी में शहर की आंतरिक सड़कों के विकास व निर्माण के लिए अभी हाल ही में 07 करोड़ रूपये की स्वीकृति राज्य सरकार के द्वारा दी गई है।

**<u>राजस्व मंत्री के मार्गदर्शन व सबके सहयोग से कोरबा बनेगा नम्बर वन</u>**– इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि निगम के सभी कार्यो के लिए राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल का मार्गदर्शन, आशीर्वाद व सहयोग निरंतर प्राप्त हो रहा है, उनके मार्गदर्शन में एवं सभी शहरवासियों के सहयोग से हमारा कोरबा शहर स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर वन बनेगा, विगत वर्ष कोरबा को थ्री स्टार मिला था, इस वर्ष हम फाईव स्टार से भी आगे जाएंगे। उन्होने कहा कि अमृत महोत्सव कैम्पेन के तहत स्वच्छ कोरबा–स्वस्थ कोरबा का अभियान निगम द्वारा लगातार चलाया जा रहा है, अभी तक मेन्यूवल रिक्शे के माध्यम से डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण का कार्य होता था अब ई–रिक्शा का उपयोग होगा, जिसमें स्वच्छता दीदियों को परिश्रम व समय की बचत होगी तथा कम समय में ज्यादा अच्छा कार्य हो सकेगा।

**<u>सफाई व्यवस्था में स्वच्छता दीदियों के कार्य सराहनीय</u>** – इस मौके पर आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था में हमारी स्वच्छता दीदियों के कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण व सराहनीय है, उनके कार्यो की बदौलत सफाई व्यवस्था में काफी अधिक सुधार हुआ है। कोरबा में आज पहली बार इतने बड़े पैमाने पर ई–रिक्शा का लोकार्पण किया गया। ई–रिक्शों के उपयोग से स्वच्छता दीदियों के काम आसान हो जाएगें, कम समय व परिश्रम में ज्यादा कार्य हो सकेंगे। बैटरी से चलने वाले इन ई–रिक्शों से प्रदूषणा भी नहीं होगा, उन्होने कहा कि भविष्य में भी निगम में ई–वाहनों के उपयोग पर बल दिया जाएगा। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के कार्यो हेतु राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा लगातार प्राप्त हो रहे मार्गदर्शन के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया।

इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी के साथ ही मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, रोपा तिर्की, अमरजीत सिंह, प्रदीपराय जायसवाल, कृपाराम साहू, सुखसागर निर्मलकर, पार्षद रविसिंह चंदेल, दिनेश सोनी, राजेन्द्र सूर्यवंशी, शैलेन्द्र सिंह पप्पी, लुकेश्वर चौहान, रूपसिंह गोंड़, संतोष लांझेकर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुकेश राठौर, एल्डरमेन आरिफ खान, एस.मूर्ति एवं गीता गभेल, अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, कार्यपालन अभियंता भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी व सुनील वर्मा, प्रकाश चन्द्रा, देवेन्द्र सिंह, आकाश अग्रवाल, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री बी.एन.सिंह, ठाकुर राजेन्द्र सिंह, ममता अग्रवाल, रामू

चेट्टी, आर.के.पटेल, कुंजबिहारी साहू आदि के साथ स्वच्छता दीदियॉं, स्वचछता सुपरवाईजर सहित निगम के अन्य कर्मचारीगण व आमनागरिकगण उपस्थित थे।